# छत्तीसगढ़ विधानसभा

## पत्रक भाग-एक

## संक्षिप्त कार्य विवरण

तृतीय विधान सभा    द्वादश सत्र    अंक-13


**रायपुर, बुधवार, दिनांक 6 मार्च, 2013**

**(फाल्गुन-15, शक संवत 1934)**

विधान सभा पूर्वाह्न 11.00 बजे समवेत हुई।

**(अध्यक्ष महोदय (श्री धरम लाल कौशिक) पीठासीन हुए।)**

## 1.प्रश्नोत्तर

प्रश्नोत्तर सूची में शामिल 25 तारांकित प्रश्नों में से प्रश्न संख्या 01 से 06, 08 एवं 09 (कुल 08) प्रश्नों पर अनुपूरक प्रश्न पूछे गए तथा उत्तर दिए गए।

प्रश्न संख्या 07 के प्रश्नकर्त्ता सदस्य डॉ.शक्राजीत नायक अनुपस्थित रहे।

प्रश्नोत्तर सूची में नियम 46 (2) के अंतर्गत अतारांकित प्रश्नों के रूप में परिवर्तित 24 तारांकित एवं 38 अतारांकित प्रश्नों के उत्तर भी शामिल थे।

## 2. पृच्छा

## गिरौदपुरी में उत्पन्न राजनैतिक स्थिति के संबंध में

डॉ.हरिदास भारद्वाज एवं प्रतिपक्ष के अन्य सदस्यों द्वारा गिरौदपुरी में राजनैतिक स्थिति की ओर आसंदी का ध्यान आकृष्ट करते हुए शासन की ओर से वक्तव्य की मांग की गई।

माननीय अध्यक्ष ने कथन किया कि प्रतिपक्ष ने इस संबंध में कोई सूचना नहीं दी है तथा श्री लेखराम साहू, सदस्य का नाम ध्यानाकर्षण सूचना हेतु पुकारा ।

प्रतिपक्ष के सदस्यों द्वारा पुनः वक्तव्य की मांग की गई।

माननीय अध्यक्ष ने कथन किया कि बिना किसी लिखित सूचना के बिना चर्चा नहीं की जा सकती।

(निरंतर व्यवधान के कारण सदन की कार्यवाही 12.07 बजे स्थगित की जाकर 12.20 बजे पुनः प्रारंभ हुई।)

**(अध्यक्ष महोदय (श्री धरम लाल कौशिक) पीठासीन हुए।)**

श्री अजीत जोगी, सदस्य द्वारा शासन की ओर से वक्तव्य दिए जाने की पुनः मांग की गई।

डॉ.रमन सिंह, मुख्यमंत्री द्वारा स्थिति स्पष्ट की गई।

## 3. ध्यानाकर्षण सूचना

(1) सर्वश्री लेखराम साहू, कुलदीप सिंह जुनेजा, सदस्य ने तकनीकी शिक्षा संचालनालय द्वारा डिजीटल लायब्रेरी मैनेजमेंट सॉफ्टवेयर की खरीदी में अनियमितता किये जाने की ओर तकनीकी शिक्षा मंत्री का ध्यान आकर्षित किया।

श्री रामविचार नेताम, तकनीकी शिक्षा मंत्री ने इस पर वक्तव्य दिया।

(2) श्री ब्रम्हानंद नेताम, सदस्य ने चारामा नगर के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग-30 के किनारे निवासरत आदिवासियों की झोपड़ियों तथा इंदिरा आवास को तोड़े जाने की ओर राजस्व मंत्री का ध्यान आकर्षित किया।

श्री दयालदास बघेल, राजस्व मंत्री ने इस पर वक्तव्य दिया।

## 4. नियम 267 क के अंतर्गत विषय

(1) श्री दूजराम बौद्ध, सदस्य ने 4 वर्षीय बालिका की अज्ञात व्यक्ति के द्वारा हत्या की जाने,

(2) डॉ.हरिदास भारद्वाज, सदस्य ने एंटी करप्शन ब्यूरो द्वारा भष्ट्राचारियों के विरूद्ध ट्रेस की जाने वाली राशि वापसी में देरी की जाने,

(3) श्री सौरभ सिंह, सदस्य ने निजी भूमि को शासकीय भूमि किये जाने,

(4) श्री परेश बागबाहरा, सदस्य ने खल्लारी विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत अघोषित विद्युत कटौती की जाने, तथा

(5) श्री देवेन्द्र बहादुर सिंह, सदस्य ने बसना विधान सभा क्षेत्र में लो-वोल्टेज की समस्या होने,

**संबंधी शून्यकाल की सूचना पढ़ी ।**

## 5.वर्ष 2013-2014 की अनुदान मांगों पर चर्चा (क्रमशः)

(1) माननीय लोक निर्माण मंत्री के विभागों की मांगो पर पुनर्ग्रहित चर्चा में निम्नलिखित सदस्यों ने भाग लियाः-

डॉ.हरिदास भारद्वाज,

**(उपाध्यक्ष महोदय (श्री नारायण चंदेल) पीठासीन हुए।)**

सर्वश्री दीपक कुमार पटेल, अग्नि चंद्राकर, विरेन्द्र कुमार साहू, परेश बागबाहरा,

**(सभापति महोदय (श्री देवजी पटेल) पीठासीन हुए।)**

(चर्चा के दौरान श्री परेश बागबाहरा, सदस्य गर्भगृह में आ कर बैठ गए। आसंदी के निर्देशानुसार माननीय सदस्य वापस अपने आसन पर गए।)

डॉ.कृष्णमूर्ति बांधी,

## 6. गर्भगृह में प्रवेश पर स्वमेव निलंबन

माननीय सभापति ने सदन को सूचित किया कि-गर्भगृह में आये माननीय सदस्य स्वमेव निलंबित हो गये हैं। माननीय सभापति ने माननीय सदस्य को सभा से बाहर जाने के निर्देश दिए।

## 7. निलंबन अवधि की समाप्ति की घोषणा

माननीय सभापति ने माननीय सदस्य से आग्रह किया कि वे सदन की मर्यादा एवं नियमों का पालन करें एवं माननीय सदस्य के निलंबन को समाप्त करने की घोषणा की।

## 8.वर्ष 2013-2014 की अनुदान मांगों पर चर्चा (क्रमशः)

सर्वश्री गुरूमुख सिंह होरा, (सुभाऊ कश्यप-अनुपस्थित), फूलचंद सिंह, (महंत रामसुंदर दास-अनुपस्थित), धर्मजीत सिंह,

**(सभापति महोदय (डॉ.हरिदास भारद्वाज) पीठासीन हुए।)**

सर्वश्री खेदूराम साहू, लेखराम साहू, श्रीमती कुमारी मदन साहू, श्री अमरजीत भगत,

**(अध्यक्ष महोदय (श्री धरम लाल कौशिक) पीठासीन हुए।)**

श्री जगेश्वर राम भगत, श्रीमती प्रतिमा चंद्राकर, श्री देवेन्द्र बहादुर सिंह, श्रीमती अंबिका मरकाम, श्री चैतराम साहू, डॉ.(श्रीमती) रेणु जोगी, श्री सेवकराम नेताम,

(माननीय अध्यक्ष ने सदन की सहमति से कार्यसूची के पद क्रमांक 3 (2) पर चर्चा प्रारंभ होने तक सदन के समय में वृद्धि की घोषणा की। )

सर्वश्री भोलाराम साहू, ह्दयराम राठिया, शिवराज सिंह उसारे, डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, भजन सिंह निरंकारी, भीमा मंडावी,

**(उपाध्यक्ष महोदय (श्री नारायण चंदेल) पीठासीन हुए।)**

सर्वश्री टी.एस.सिंहदेव, दूजराम बौद्ध, रामपुकार सिंह,

**(अध्यक्ष महोदय (श्री धरम लाल कौशिक) पीठासीन हुए।)**

श्री देवजी पटेल।

श्री बृजमोहन अग्रवाल, लोक निर्माण मंत्री ने चर्चा का उत्तर दिया।

कटौती प्रस्ताव अस्वीकृत हुए।
मांगों का प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

(2) श्री पुन्नूलाल मोहले, खाद्य मंत्री ने खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण विभाग से संबंधित व्यय से संबंधित मांग संख्या 39, ग्रामोद्योग से संबंधित मांग संख्या 56, बीस सूत्रीय कार्यान्वयन विभाग से संबंधित व्यय से संबंधित मांग संख्या 50 प्रस्तुत की।

**मांग संख्या-39 पर** सर्वश्री रविन्द्र चौबे, (डॉ.) हरिदास भारद्वाज, भोलाराम साहू, टी.एस.सिंहदेव, भजन सिंह निरंकारी **मांग संख्या-56 पर** श्री रविन्द्र चौबे, डॉ.हरिदास भारद्वाज, **मांग संख्या-50 पर** डॉ.हरिदास भारद्वाज,सदस्य के कटौती प्रस्ताव प्रस्तुत हुए।

मांगों एवं कटौती प्रस्तावों पर एक साथ चर्चा प्रारंभ होगी।

**रात्रि 8.18 बजे विधान सभा की कार्यवाही गुरूवार, दिनाँक 7 मार्च, 2013 (फाल्गुन, 16 शक संवत् 1934) के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक के लिए स्थगित की गई ।**

देवेन्द्र वर्मा
प्रमुख सचिव
छत्तीसगढ़ विधान सभा